RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 142 • 04:06:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

## मतगणना से पहले बाजार में 'बहार'

### निवेशकों की बल्ले-बल्ले; सेंसेक्स 2500 अंक उछला, निफ्टी 733 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एग्जिट पोल के अनुमानों के बाद शेयर बाजार ने रिकॉर्ड छलांग लगाई है। सोमवार को सेंसेक्स 2500 अंकों से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। दूसरी ओर, निफ्टी 23250 के पार पहुंच गया। बैंक निफ्टी पहली बार 50000 के आंकड़े को



पार कर गया। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन रिकॉर्ड तेजी के बाद सेंसेक्स 2,507.47 (3.39 प्रतिशत) अंक उछलकर 76,468.78 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 733.21 (3.25 प्रतिशत) अंक मजबूत होकर 23,263.90 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपये में भी डॉलर के मुकाबले पिछले पांच महीनों यानी दिसंबर 2023 के बाद की सबसे बड़ी छलांग दिखी।

## हिमाचल में 3 निर्दलीय विधायक के इस्तीफे मंजूर

- लोकसभा चुनाव नतीजों से पहले भाजपा को झटका

**शिमला।** लोकसभा चुनाव के रिजल्ट से एक दिन पहले, सोमवार को हिमाचल के विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने 3 निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर कर लिए।



इनमें नालागढ़ के विधायक केएल ठाकुर, देहरा के विधायक होशियार सिंह और हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा शामिल हैं। इन तीनों ने हिमाचल प्रदेश की एक राज्यसभा सीट के लिए हुए चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को वोट दिया था। इसके बाद तीनों ने 22 मार्च को विधानसभा स्पीकर और सचिव यशपाल के सामने पेश होकर अपने इस्तीफे सौंप दिए थे।

## कश्मीर के पुलवामा में एनकाउंटर

- सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को किया ढेर



**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर के पुलवामा जिले के निहामा क्षेत्र में सोमवार (3 जून) सुबह से आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से फायरिंग जारी थी। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर रखा है। 2 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी, दोनों आतंकियों को मार गिराया है।

## अखनूर में यात्रियों से भरी बस पलटी

### 2 लोगों की मौत, 16 घायल

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू के अखनूर में एक बस के पलट गई। इसमें सवार दो यात्रियों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए।

## ईवीएम तोड़ने वाले विधायक को संरक्षण देने पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

# यह मजाक है क्या?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के विधायक पिन्नेली रामकृष्णा रेड्डी को फटकार लगाते हुए उनके मतगणना केंद्र पर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया। एक मतदान केंद्र पर ईवीएम पटकने का विधायक का वीडियो कैमरे में कैद हो गया था। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने घटना का वीडियो देखने के बाद कहा कि ईवीएम को जमीन पर पटकने का आरोप 'सिस्टम की खिल्ली उड़ाने' जैसा है। अदालत ने कहा कि यदि अंतरिम सुरक्षा देने के उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक नहीं लगाई गई तो यह भी पूरी न्याय प्रणाली का उपहास उड़ाने जैसा होगा। पीठ में न्यायमूर्ति संदीप कुमार भी शामिल थे। शीर्ष



अदालत ने अपने आदेश में मचेरला विधायक के वकील विकास सिंह द्वारा वाईएसआरसीपी नेता की ओर से दायर उस हलफनामे पर भी विचार किया जिसमें कहा गया था कि वह मंगलवार को मतगणना केंद्र या उसके आसपास नहीं जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से अंतरिम सुरक्षा देने के अपने पूर्व के फैसले से प्रभावित हुए बिना, मामले में अग्रिम जमानत की याचिका पर गुण-दोष के आधार विचार करने के लिए कहा। हाई कोर्ट ने 23 मई को अपने अंतरिम आदेश में मतदान के दौरान ईवीएम पटकने के मामले में 5 जून तक आरोपी विधायक की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।

### कौन है रामकृष्णा रेड्डी?

रामकृष्णा रेड्डी वाईएसआरसीपी उम्मीदवार के रूप में पांचवीं बार विधायकी के लिए मचेरला से चुनाव मैदान में हैं। पुलिस ने ईवीएम पटकने का उनका वीडियो वायरल होने के बाद आईपीसी; जन प्रतिनिधित्व कानून, 1951; और लोक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम (पीडीपीपी) अधिनियम, 1984 की संबंधित धाराओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना मचेरला में 13 मई को मतदान के दिन एक मतदान केंद्र की है। ईवीएम पटकने का वीडियो वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया था। बाद में विधायक के खिलाफ मतदान के दिन हिंसा की साजिश के तीन नए मामले दर्ज किए गए थे।

## विशेष अदालत ने की टिप्पणी

- पीमाल्या, नीरव मोदी और चोकसी इसलिए भागे क्योंकि एजेंसियां पकड़ने में विफल रहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने हाल ही में कहा कि लाखों डॉलर के घोटालों में शामिल नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या इसलिए देश से भागने में सफल रहे क्योंकि जांच एजेंसियां उन्हें उचित समय पर गिरफ्तार करने में विफल रहीं। विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत आरोपी की जमानत की शर्तों में बदलाव की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने 29 मई को धन शोधन के एक मामले में आरोपी व्योमेश शाह की उस याचिका को स्वीकार कर लिया था जिसमें उसने विदेश यात्रा के लिए अदालत से पूर्व अनुमति लेने की जमानत शर्त को वापस लेने का अनुरोध किया था। इस मामले में विस्तृत आदेश हाल ही में उपलब्ध कराया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तर्क दिया था कि शाह के आवेदन को अनुमति देने से नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी जैसे मामलों का इजाफा होगा।



### चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आरोपों का जवाब दिया

यह फेक नैरेटिव, कभी वोटर लिस्ट तो कभी ईवीएम को लेकर

## शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव नतीजों से एक दिन पहले चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार कांग्रेस नेता जयराम रमेश के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है। शनिवार को जयराम रमेश ने कहा था कि गृह मंत्री




अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन पर बात की है। यह खुलेआम तरीके से धमकी देना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने फेक नैरेटिव को लेकर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 2019 में वोटर टर्नआउट को लेकर केस आया। वोटर टर्नआउट में कुछ गड़बड़ नहीं हुआ। उसमें पीसी और एसी का टोटल टॉप पर नहीं था बाकी सब था। इसको तो कोई निकाल सकता है।

### चुनाव आयोग ने माना-

**सोमवार और शुक्रवार को नहीं होना चाहिए मतदान, इसे गर्मी से पहले करा लेने की बात भी सही-**

लोकसभा चुनाव के सात चरणों के मतदान के बाद चार जून यानी आज मतगणना होगी। इससे पहले चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का खड़े होकर अभिनंदन किया। मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने माना कि सोमवार और शुक्रवार को मतदान नहीं कराया जाना चाहिए, क्योंकि इन दिनों के बीच काफी लंबा अंतर हो जाता है। चुनाव आयोग से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शुक्रवार और सोमवार की बात बिल्कुल सही है। यह भी हमारे लिए सीखने वाली बात है। चुनाव गर्मी से पहले होने चाहिए।

# किसके सिर पर सजेगा ताज?

## लोकसभा चुनावों के नतीजों का इंतजार खत्म होगा आज

राजभर बोले-8 जून को मोदी पीएम पद की शपथ लेंगे

### सुबह 9 बजे से रुझान आने शुरू हो जाएंगे, काशी में 40 हजार किलो लड्डू तैयार



**नईदिल्ली/वाराणसी (एजेंसी)।** आज लोकसभा चुनाव के परिणाम आ जाएंगे। सुबह 9 बजे से रुझान आने शुरु हो जाएंगे। नेताओं के सोमवार की रात बैचेनी में कटेगी। सुबह से लेकर शाम तक पूरी तरह से साफ हो जाएगा कि बाजी किसके हाथ लगेगी। आज देशभर में लोकसभा चुनाव के परिणामों को लेकर पार्टियों ने तैयारी कर रखी है। यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 8 बजे से गिनती शुरू होगी। सुबह 9 बजे से रुझान आने शुरू हो जाएंगे। 12 बजे तक लगभग तस्वीर साफ हो जाएगी कि कौन जीत की तरफ बढ़ रहा है।इधर, सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने दावा किया है कि 8 जून को नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे। विपक्ष की सीटें कम आ रही हैं। इसलिए, वे लोग बौखला रहे हैं। वहीं, रिजल्ट से पहले काशी में भाजपा कार्यकर्ता 40 हजार किलो लड्डू बनवा रहे हैं। आगरा में मोदी की हैट्रिक के पोस्टर लग गए हैं।

### पूरी उम्मीद है कि नतीजे एग्जिट पोल के बिल्कुल विपरीत होंगे: सोनिया गांधी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 1 जून को संपन्न हुआ, अब सभी की निगाहें 4 जून पर हैं। वहीं, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी - हमें इंतजार करना होगा। बस, इंतज़ार करो और देखो। हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल जो कह रहे हैं, हमारे नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे।

### पश्चिम बंगाल में चुनाव रिजल्ट के बाद हिंसा की आशंका, 19 जून तक राज्य में तैनात रहेंगे केंद्रीय बल

केंद्रीय बलों की लगभग 400 कंपनियां 19 जून तक बंगाल में रहेंगी। एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तैनाती मुख्य रूप से हिंसा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों और जिलों में की जाएगी। पहले 6 जून तक केंद्रीय बलों की तैनाती होनी थी। वोटों की गिनती 4 जून, मंगलवार को होगी। भारत चुनाव आयोग ने राज्य से चुनाव के बाद की हिंसा को ध्यान में रखते हुए, वोटों की गिनती के बाद 15 और दिनों के लिए पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों को तैनात करने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, केंद्रीय बलों की लगभग 400 कंपनियां 19 जून तक बंगाल में रहेंगी। एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तैनाती मुख्य रूप से हिंसा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों और जिलों में की जाएगी। पहले 6 जून तक केंद्रीय बलों की तैनाती होनी थी। वोटों की गिनती 4 जून, मंगलवार को होगी।



# चुनाव होते ही चला महंगाई का चाबुक

**• अमूल-मदर डेयरी ने बढ़ाई दूध की कीमतें • दाल-सब्जी के बढ़े दामों के साथ महंगाई की चौतरफा मार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस सीजन में टमाटर और गर्मी में आने वाली सब्जियां अपेक्षाकृत कम दामों पर मिलती थीं, लेकिन इस बार सब्जियों के दामों में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। आलू के कम उत्पादन का सीधा असर इस सबसे प्रमुख सब्जी पर पड़ी है।

चुनाव बीतते ही उपभोक्ताओं पर महंगाई की जोरदार मार पड़ी है। आज मदर डेयरी ने भी अपने दूध के दामों में प्रति लीटर दो रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। इसके पहले अमूल ने अपने दूध के दामों में बढ़ोतरी की थी। पिछले हफ्ते ही एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल दरों में पांच फीसदीत की वृद्धि कर दी थी, जिससे आम उपभोक्ताओं का सफर महंगा हो गया था। माना जा रहा है कि आने वाले समय में पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। इससे उपभोक्ताओं पर महंगाई की चौतरफा मार पड़ सकती है।



मदर डेयरी ने सोमवार को नए मूल्य जारी करते हुए बताया है कि टोंड दूध अब 54 रुपये प्रति लीटर की बजाय 56 रुपये प्रति लीटर में मिलेगा। गाय का दूध भी अब 56 रुपये प्रति लीटर की बजाय 58 रुपये प्रति लीटर में मिलेगा। फुल क्रीम दूध अब 66 रुपये प्रति लीटर की बजाय 68 रुपये प्रति लीटर और भैंस का दूध 70 रुपये की बजाय 72 रुपये प्रति लीटर मिलेगा।

## राजस्थान की 25 सीटों की मतगणना का काउंटडाउन शुरू

- डोटासरा बोले- पंगु बन गया है चुनाव आयोग; गहलोत ने कहा-इंडिया गठबंधन जीतेगा

**जयपुर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में राजस्थान की सभी 25 सीटों का परिणाम मंगलवार को आएगा। सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। दोपहर 12 बजे तक सबसे पहले टोंक-सवाई माधोपुर सीट का रिजल्ट आने की संभावना है। सबसे बाद में राजसमंद सीट का परिणाम आ सकता है। राज्य चुनाव आयोग ने काउंटिंग को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। प्रदेश में 29 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। जोधपुर, नागौर, करौली-धौलपुर और श्रीगंगानगर लोकसभा सीट के लिए दो-दो काउंटिंग सेंटर बनाए गए हैं। इन सभी मतगणना केंद्रों पर पानी से लेकर कूलर आदि की व्यवस्था रहेगी। यहां मेडिकल टीम, एम्बुलेंस के साथ एक्स्ट्रा टावर भी लगाए गए हैं।

## अकासा एयर और इंडिगो की फ्लाइट में बम की अफवाह

- दिल्ली-मुंबई विमान अहमदाबाद डायवर्ट, चेन्नई-कोलकाता एयरक्राफ्ट दो घंटे लेट; 3 दिन में ऐसे 4 मामले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आकासा एयर की दिल्ली-मुंबई फ्लाइट और इंडिगो की चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में सोमवार (3 जून) को बम की सूचना मिली। आकासा एयर की फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया है। इसमें एक बच्चा और 6 क्रू मेंबर्स सहित 186 पैसेंजर्स सवार थे। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने के बाद फ्लाइट में सिक्योरिटी अलर्ट मिला था। इसके बाद सुबह 10:13 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट की सेफ लैंडिंग कराई गई। अभी जांच की जा रही है।



### दिल्ली में ताज एक्सप्रेस ट्रेन की 3 बोगियों में लगी आग, यात्री कूदकर भागे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के सरिता विहार इलाके में एक पैसेंजर ट्रेन के 3 कोचों में आग लग गई। यह घटना चार बजकर 24 मिनट पर हुई। सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया गया।

# म.प्र., दिल्ली समेत 11 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट

### ओडिशा में 3 दिन में हीटस्ट्रोक से 99 की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नौतपा के बीतने के बाद भी देश के कई राज्यों में तेज गर्मी और हीटवेव का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने 11 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और ओडिशा शामिल हैं। वहीं ओडिशा में 3 दिन में हीटस्ट्रोक से 99 की मौत हो गई है।

मौसम विभाग ने कहा है कि इन राज्यों में अगले तीन दिन तक हीटवेव चलेगी, हालांकि इसकी तीव्रता नौतपा के दिन में चली हीटवेव से कम होगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 2 जून को इन राज्यों के कई जिलों में तापमान 43 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड हुआ। हालांकि, कुछ जिलों में 45-46 डिग्री के बीच भी रिकॉर्ड किया गया। उधर, ओडिशा में पिछले तीन दिनों में सनस्ट्रोक के कारण 20 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार से अब तक राज्य के कई जिलों में कुल 99 संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। पोस्टमॉर्टम और जांच के बाद 20 की मौत सनस्ट्रोक से होने की पुष्टि हुई है।



## बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ी

- दिल्ली शराब घोटाले में 15 मार्च को गिरफ्तार हुई थीं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार (3 मार्च) को तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी है। ईडी ने दिल्ली शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कविता को 15 मार्च को हैदराबाद के बंजारा हिल्स से गिरफ्तार किया था। वह 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में थीं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 26 मार्च को उन्हें 9 अप्रैल तक ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा था। तब से कविता तिहाड़ जेल में हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### शादी का झांसा देकर लड़की के साथ बनाया संबंध, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हाजीपुर।** वैशाली में शादी का प्रलोभन देकर एक लड़की से शारीरिक संबंध बनाने वाले एक आरोपी को महुआ थाना के पुलिस अधिकारी ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने के बाद उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त तिसिऔता थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर नारायण वार्ड नं-13 निवासी मिथिलेश राय के बेटे 25 साल के सुजीत कुमार हैं। पीड़िता ने दो जून को महुआ थाना की पुलिस को एक आवेदन दिया था। हालांकि घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने छापेमारी के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पीड़िता ने बताया कि उनके साथ सुजीत कुमार ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया है। अब उसके द्वारा शादी करने से इनकार किया जा रहा है। अभियुक्त सुजीत कुमार के परिवार वालों ने पीड़िता के साथ गाली-गलौज की है। महुआ थाना कांड सं0-415/24, धारा-376/504/506/34 भा०द०वि० दर्ज कर कार्रवाई करते हुए घटना के प्राथमिकी अभियुक्त सुजीत कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने बताया कि शादी का झांसा देकर युवक ने लड़की से शारीरिक संबंध बनाने मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे जेल भेजा गया है।



### दो बाइक के बीच आमने-सामने भिड़ंत, एक की मौत, 3 जख्मी, लोगों ने हाजीपुर-महुआ मुख्य सड़क को किया जाम

**हाजीपुर।** वैशाली के महुआ थाना क्षेत्र के हाजीपुर-महुआ मार्ग स्थित बेलकुंडा चौक के पास ट्रक के चकमा देने से दो बाइक के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक बाइक सवार अधेड़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान तिसीऔता थाना क्षेत्र के लोमां गांव निवासी धर्मेंद्र चौधरी के रूप में हुई है। वहीं तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। घटना से आक्रोशित लोगों ने हाजीपुर-महुआ मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची महुआ थाने की पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। घायलों की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के मिल्की बेलकुंडा गांव निवासी नूनू साहनी के पुत्र रणधीर कुमार(20), वीरेंद्र साहनी के पुत्र गणेश कुमार(25) और एक अन्य युवक सुजीत कुमार के रूप में हुई है। घायल सुजीत कुमार की नाजुक स्थिति देखते हुए डॉक्टर ने उसको पीएमसीएच रेफर कर दिया। महुआ थानाध्यक्ष ने बताया कि बेलकुंड चौक के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, तीन युवक घायल है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।



### छत पर सो रही नाबालिग को किडनैप कर किया रेप, घर के पिछले दरवाजे के पास बेहोशी की हालत में मिली

**हाजीपुर।** हाजीपुर में नाबालिग से रेप करने के मामले में पुलिस ने 35 वर्षीय पड़ोसी को गिरफ्तार किया है। घर के छत पर परिजनों के साथ सो रही नाबालिग (14) का मुंह दबाकर आरोपी पड़ोसी ने पहले उसे अगवा किया। फिर पास के गोदाम में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद बेहोशी की हालत में किशोरी के घर के पिछले दरवाजे के पास छोड़कर फरार हो गया। इधर, घर में किशोरी के नहीं मिलने पर परिजन रात में ही उसकी खोज में इधर-उधर भटकते रहे। घटना की सूचना पुलिस को भी दी थी। परिजन नाबालिग लड़की की तलाश कर ही रहे थे कि घर के पिछले दरवाजे पर बेहोशी की स्थिति में बच्ची मिली। जब कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनाई दी तो परिजन घर के पीछे गए। वहां बच्ची बेहोशी की हालत में मिली। चारों तरफ से कुत्ते उसे घेरे हुए थे। बच्ची को घर ले आएं। होश आने पर बच्ची ने घटना की पूरी कहानी बताई। घटना की सूचना परिजन ने बिदुपुर थाना की पुलिस को दी। पुलिस ने कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं लिया तो वैशाली पुलिस अधीक्षक को सूचना दी। एसपी के निर्देश पर पुलिस पीड़ित के घर पहुंची और करवाई में जुट गई। इस दौरान आरोपी शिवन कुमार को गिरफ्तार किया। पीड़िता के पिता ने कहा कि बेटी घर के छत पर सो रही थी। तभी पड़ोसी रिश्ते में लगने वाले दादा शिवन उठाकर गोदाम में गया और रेप किया। किशोरी ने विरोध किया तो मारपीट की। शरीर पर मारपीट के निशान भी देखा गया है।



### आरपीएफ शातिर को दबोचा, वायर काटने का करता था काम, बर्तन दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया

**पटना।** रेलवे ट्रैक के सहारे जा रही सिग्नल की लाइन के वायर को काटकर एक निर्माणाधीन मकान में छिपाए तार के साथ एक शातिर को आरपीएफ ने दबोच लिया। साथ ही इसकी निशानदेही पर चोरी की सामान की खरीद करने वाला बर्तन दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ ने दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर करवाई की है। हालांकि इससे ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं हुआ है

**स्टेशन मास्टर ने दी थी जानकारी:** रविवार को फतुहा स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची आरपीएफ पोस्ट प्रभारी विनोद विश्वकर्मा के साथ अन्य रेल पुलिस मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंच कर देखा कि सिग्नल विभाग के कर्मी वहां मौजूद थे। उनके साथ मिलकर घटनास्थल का मुआयना किया तो देखा की दनियावां और फतुहा के बीच में 01/ 19-21 के बीच जंपर वायर किसी के द्वारा काट कर ले जाया गया है। घटनास्थल के आसपास खोजबीन किया गया। लेकिन कटा हुआ जंपर वायर नहीं मिला। वही सिग्नल विभाग के द्वारा दूसरा नया केवल जोड़कर ठीक किया गया।



**निर्माणाधीन मकान में तार रख रहा था:** रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा खोजबीन जारी रही। घटनास्थल के रेल लाइन से पूर्व 100 मीटर की दूरी पर निर्माणाधीन एक मकान के छत पर तार काटने वाला व्यक्ति तार को छील रहा था। सूचना पर पहुंची रेल पुलिस कर्मी ने उस मकान के चारो ओर घेर लिया और अंदर जाकर उक्त व्यक्ति को हेक्सा ब्लेड की सहायता से तार छिलते हुए दबोच लिया।

**क्या बोले आरपीएफ इंस्पेक्टर:** आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पकड़ाए युवक नालंदा जिला के कराई परशुराय थाना क्षेत्र के क्षेत्र छीतर बिगहा गांव निवासी अभिमन्यु प्रसाद के 16 वर्षीय पुत्र आदित्य राज है। आगे उन्होंने कहा कि सिग्नल या किसी कारण से ट्रेनों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। बरामद सामान की कीमत 1800 रुपए आई गई है। गिरफ्तार युवक ने पुलिस को बताया कि इससे पूर्व भी मैंने रेलवे लाइन पर लगे तार को काटकर चंदन कुमार के बर्तन दुकान में बेचा हूं और कहा कि अगर अभी उसके दुकान पर जाकर देखा जाय तो पहले बेचे गए सामान उसके दुकान से मिल सकता है।

# स्मॉल फाइनेंस बैंक में हथियारबंद अपराधियों ने 14 लाख रुपए लूटे

## कर्मचारी-ग्राहकों को बाथरूम में बंद किया

**एजेंसी, पटना।**



पटना के उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में सोमवार को 14 लाख रुपए की लूट हो गई। सुबह करीब 10:45 बजे 6 अपराधी हथियार लेकर बैंक में घुसे। अपराधियों ने बैंक के कर्मचारियों और ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया। फिर 6 मिनट के अंदर 14 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। सभी अपराधियों ने चेहरे पर नकाब पहन रखा था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। घटनास्थल पर बिहटा DSP पंकज कुमार मिश्र भी अपने दलबल के साथ मौजूद हैं। पुलिस सीसीटीवी की मदद से अपराधियों को पहचान करने में जुटी है। डीएसपी के मुताबिक, पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना बिहटा थाना क्षेत्र के गोखुलपुर की है।

**बैंक के काम से बाहर गए थे बैंक मैनेजर:** बैंक मैनेजर राजेश कुमार ने कहा कि रोज की तरह आज भी करीब 7 बजे बैंक खुल गई थी। बैंक के काम से वे बाहर निकल गए थे। करीब पौने ग्यारह बजे फोन से सूचना मिली कि बैंक में लूट हो गई है। करीब आधा दर्जन हथियारबंद और चेहरे पर गमछा, मास्क लगाए बदमाशों ने बैंक में घुसकर पहले गार्ड को बंधक बनाया। बैंक में मौजूद लोग कुछ समझ पाते इससे पहले अपराधियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए सभी स्टाफ और महिला समेत ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया। चाबी छीन कर करीब 6 मिनट में बैंक की तिजोरी से 14 लाख लेकर फरार हो गए। DSP पंकज कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बैंक मैनेजर के अनुसार 14 लाख रुपए लूट की बात बताई गई है। इसकी भी जांच की जा रही है।

**एक महीने ही गोखुलपुर के पास शिफ्ट किया गया था बैंक:** करीब एक महीने पहले दूसरी जगह से गोखुलपुर के पास इस बैंक को शिफ्ट किया गया था। कुछ निर्माण कार्य भी चला था। बैंक के बाहर सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा था। यहां बिहटा समेत अन्य दूसरी जगहों से लोग पैसा जमा और निकासी करने पहुंचते थे। शनिवार और रविवार होने कारण कलेक्शन का सारा पैसा तिजोरी में रखा गया था।

**पिछले महीने भी बिहटा के फाइनेंस बैंक में हुई थी लूट:** पिछले महीने भी बिहटा थाना क्षेत्र से कुछ ही दूरी पर स्थित महिंद्रा फाइनेस बैंक से 10 लाख की लूट हुई थी। अपराधियों ने हथियार के बल पर इस घटना को अंजाम दिया था।

# हर्ष हत्याकांड में 4 आरोपियों के खिलाफ आज कुर्की वारंट

**एजेंसी, पटना।**



**5 शहर में छापेमारी कर रही है पुलिस, 27 मई को बेरहमी से हुई थी हत्या**

बीएन कॉलेज के फाइनल ईयर के छात्र हर्ष राज की हत्या के मामले में अब तक पुलिस दो आरोपी छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। चार आरोपियों के नामों का खुलासा कर चुकी है। इनमें बेगूसराय के बछवाड़ा का प्रकृति आनंद उर्फ आरुष, सुपौल के त्रिवेणीगंज का मयंक और मधेपुरा के भगवानपुर का शिवम व रवीश फरार चल रहे हैं। इन आरोपियों के खिलाफ पुलिस गिरफ्तारी वारंट ले चुकी है और इनके घरों पर छापेमारी कर चुकी है। इनके परिजनों से भी पूछताछ हुई है। पुलिस इन आरोपितों के खिलाफ सोमवार को कुर्की वारंट लेगी। अगर ये फरार ही रहे तो इनके घरों की कुर्की जब्ती की जाएगी। पटना पुलिस संबंधित जिले की पुलिस से संपर्क में है।

**क्या बोले सिटी एसपी:** सिटी एसपी भारत सोनी ने कहा कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सबको गिरफ्तार किया जाएगा।दो संदिग्ध हिरासत मेंहर्ष हत्याकांड की जांच कर रही एसआईटी ने अशोक राजपथ इलाके से दो युवकों को हिरासत में लिया है। दोनों पटना विवि के छात्र बताए जा रहे हैं। दोनों अमन के दोस्त हैं। इनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। जिन चार नामों का खुलासा पुलिस ने किया है, उनके अलावा भी इस हत्याकांड में कुछ लड़के शामिल हैं। पुलिस को और कुछ छात्रों के नाम मिले हैं, जिनके बारे में सत्यापन किया जा रहा है। जब्त फुटेज से भी पहचान की जा रही है। इसके अलावा पुलिस आरोपितों के मोबाइल की कॉल डिटेल और मैसेज भी जांच रही है। एसआईटी की एक टीम गया, बेगूसराय, मधेपुरा, सुपौल, मोतिहारी सहित अन्य जिलों में छापेमारी कर रही है।

**काउंटिंग के पहले महागठबंधन की पीसी**

## मनोज झा बोले- पोस्टल-बैलट का तमाशा इस बार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**एजेंसी, पटना।**




लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को होनी है। इससे पहले महागठबंधन की ओर से आरजेडी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस किया गया। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि नीतीश कुमार अभी अधिकारियों के विवेक से निर्णय ले रहे हैं। उम्मीद है कि जब वो फैसला लेंगे तो वह अलग होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्टल-बैलेट का तमाशा इस बार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्टल बैलेट की गिनती पहले की जाए। इसके बाद ईवीएम के वोट की गिनती हो।

**2020 वाला तमाशा नहीं होगा:** राजद सांसद ने यह भी कहा कि 2020 वाला पोस्टल बैलेट का तमाशा इस बार नहीं होने देंगे। इस बार 2020 की तस्वीर नहीं होगी। बल्कि इस बार कड़ा प्रतिकार होगा। हर चरण की मतगणना के बाद सारे प्रत्याशी को संतुष्ट नहीं कर पाए तो दूसरे चरण की गिनती शुरू नहीं की जाए। उन्होंने यह भी बताया कि 17 C फॉर्म कई प्रत्याशियों को नहीं दिया गया है।

**वीडियो रिकॉर्डिंग की इजाजत मिले:** मतगणना शुरू होने से पहले स्ट्रांग रूम से काउंटिंग टेबल तक की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की इजाजत दी जाए। एक-एक ईवीएम की गिनती की पूरी जानकारी दी जाए। इस बार अगर किसी के फोन पर भी धोखाधड़ी की कोशिश चुनाव आयोग करता है तो जनता के पास सबसे बड़ा फोन होगा। ये सारी बातें लिखित में हम लोगों ने चुनाव आयोग को दिया है। मौखिक भी जानकारी दे रहे हैं। तेजस्वी यादव का प्रचार सभी ने देखा है। दूसरी तरफ उन लोगों के प्रचार का तरीका भी लोगों ने देखा है। बिहार में पच्चीस सीट जीतने जा रहे हैं।

# अपराधियों ने 2 युवक को मारी गोली, एक की मौत, आपराधिक मामलों में आरोपी है सूरज

**एजेंसी, पटना।**



**♦ पटना पुलिस बोल- नजदीक से मारी गई है गोली**

पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र के काली मंदिर के नजदीक अपराधियों ने सोमवार को दिनदहाड़े दो युवकों को गोली मार दी, जिसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।पटना सिटी के एएसपी शरद आर एस ने इसकी पुष्टी की है।घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आलमगंज थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो युवकों को अपराधियों के द्वारा गोली मारे जाने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि घायल युवकों में लल्लू कुमार और सूरज कुमार शामिल हैं। इनकी उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के करीब है।

**नजदीक से मारी गई गोली:** अपराधियों ने सूरज और लल्लू को नजदीक से गोलियां मारी है। इसमें सूरज को तीन गोली लगी है। दो गोली पीठ में और एक गोली कमर में लगी है। वहीं लल्लू को भी अपराधियों ने दो गोली मारी गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के सभी अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास के कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस का मानना है कि सूरज का आपराधिक इतिहास रहा है। कई आपराधिक मामले में सूरज का नाम भी शामिल है। पुलिस सभी मामलों को गहराई से छानबीन करने में जुट गई है। घटना का कारण पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है, जो भी मामला सामने आएगा। उसे मीडिया से शेयर किया जाएगा।

**क्या बोले ASP:** पटना सिटी के आलमगंज में अपराधियों द्वारा दो युवकों को गोली मारे जाने की घटना के बाद इलाज के दौरान एक युवक लल्लू कुमार की मौत अस्पताल में हो गई। घटना की पुष्टि करते हुए पटना सिटी के एएसपी शरद आर एस ने बताया कि सोमवार को दिनदहाड़े अपराधियों द्वारा दो युवकों को गोली मारी गई थी। जिसमें सूरज गोप की इलाज पटना के पीएमसीएच में चल रहा था। जबकि लल्लू कुमार का इलाज पटना के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा था। इलाज के दौरान लल्लू कुमार की मौत हो गई।

# पटना के एएन कॉलेज में काउंटिंग आज

## सील रहेगा बोरिंग रोड, सुबह 5 बजे से नहीं चलेंगी गाड़ियां

**एजेंसी, पटना।**



लोकसभा चुनाव 2024 में पाटलिपुत्रा और पटना साहिब लोकसभा का मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से पटना के एएन कॉलेज में होगी। इस दौरान बोरिंग रोड को पूरे तरीके से सील किया जाएगा। इस रास्ते पर गाड़ियों का परिचालन पूरे तरह से बंद रहेगा। यह बंदी 4 जून को सुबह 5 बजे से मतगणना की समाप्ति तक लागू रहेगी। इस दौरान बोरिंग रोड चौराहा से एएन कॉलेज की ओर मोहिनी मोड़ से सहदेव महतो मार्ग में और पानी टंकी मोड़ से एएन कॉलेज की ओर सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन बंद रहेगा इस व्यवस्था से अग्निशमन, एम्बुलेंस, शव वाहन, मरीजों के वाहन, न्यायिक कार्य से जुड़े वाहन, मतगणना कार्य से जुड़ी गाड़ियों, पास धारक वाहनों और अन्य अनिवार्य सेवा के वाहन बाहर रहेंगे।

**क्या रहेगा वैकल्पिक मार्ग:** इस दौरान समान्य वाहन वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग कर सकते हैं। राजापुर पुल से बोरिंग कैनाल रोड में हड़ताली चौक तक, बोरिंग रोड चौराहा से बेली-बोरिंग रोड क्रॉसिंग तक और पाटलिपुत्रा गोलम्बर से पानी टंकी मोड़ तक सभी प्रकार के व्यावसायिक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। मतगणना के दौरान इन वाहनों का परिचालन वैकल्पिक मार्ग से होगा। शिवपुरी आरओबी नीचे से एएन कॉलेज पटना (दुर्गा मंदिर) मोड़ तक का मार्ग सामान्य यातायात के लिए प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना में शामिल कर्मियों के वाहन बेली-बोरिंग रोड क्रॉसिंग से बोरिंग रोड चौराहा की ओर नहीं आएगी। ये वाहन आर ब्लॉक चौराहा नीचे से अटल पथ होते हुए एएन कॉलेज के पीछे तक आएगी और अटल पथ पर किनारे फलैंक में अपना वाहन पार्क करेंगे और वहां से पानी टंकी मोड़ होते हुए पैदल एएन कॉलेज तक आएंगे।

**इधर भी बदलाव:** इसी तरह मतगणना कर्मी के वाहन पाटलिपुत्रा गोलंबर से बोरिंग रोड में नहीं आएंगे। इन वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सहयोग हॉस्पीटल पाटिलपुत्रा के खाली मैदान में की जायेगी। वहां से मतगणना अभिकर्ता पैदल एएन कॉलेज में आयेंगे। अभ्यर्थियों के वाहन बोरिंग रोड में तपस्या मोड़ तक आयेंगी। तपस्या मोड़ से इन वाहनों को सहदेव महतो मार्ग में पार्क कराई जाएगी या तपस्या मोड़ से मोहिनी मोड़ होते हुए लोहियाचक्र पथ नीचे से दारोगा राय पथ में किनारे फ्लैक में पार्क कराई जाएंगी। पाटलिपुत्रा और कुर्जी की ओर से आने वाले अभ्यर्थियों के वाहन पानी टंकी मोड़ तक आएगी। पानी टंकी मोड़ से इन वाहनों को अटल पथ में किनारे सर्विस लेन में पार्क कराया जाएगा। मीडिया के ओवी वैन एएन कॉलेज के बाहर सड़क के किनारे पार्क की जाएगी।

**तपस्या मोड़ तक ही जाएंगे प्रत्याशियों के वाहन:** पटनासाहिब और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के वाहन बोरिंग रोड में तपस्या मोड़ तक जाएंगे। तपस्या मोड़ से इनके वाहनों की पार्किंग सहदेव महतो मार्ग में होगी। तपस्या मोड़ से मोहिनी मोड़ होते हुए लोहिया पथचक्र नीचे से दारोगा राय पथ में किनारे के फ्लैंक में भी वाहन पार्क कर सकेंगे। पाटलिपुत्र/कुर्जी की ओर से आने वाले प्रत्याशियों के वाहन पानी टंकी मोड़ तक ही आएंगे। वहां से इन वाहनों को अटल पथ की सर्विस लेन में पार्क कराया जाएगा। मीडिया के ओवी वैन एएन कॉलेज के बाहर सड़क किनारे पार्क होंगे।

# रामकृपाल के काफिले पर फायरिंग हुई या नहीं

**एजेंसी, पटना।**



पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी और सांसद रामकृपाल यादव के काफिले पर फायरिंग के सबूत अब तक नहीं मिले हैं। मसौढ़ी के तिनेरी गांव में हुए इस वारदात को 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है। मामले की जांच मसौढ़ी SDPO-1 की अगुवाई में बनाई गई SIT कर रही है। SIT की टीम रविवार को जांच करने मौके पर पहुंची थी। इस जांच में FSL और डॉग स्क्वायड की भी मदद ली गई। वारदात स्थल के आसपास काफी छानबीन की गई, लेकिन पुलिस टीम को गोली चलाने के सबूत नहीं मिले। जांच के दौरान एक भी खोखा बरामद नहीं हुआ। सिटी एसपी (ईस्ट) भरत सोनी ने बताया कि गोली चलने के सबूत नहीं मिले हैं। इधर मसौढ़ी से राजद विधायक रेखा देवी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में शिकायत दर्ज की गई है।

**सवाल गोली चली या नहीं?:** मसौढ़ी थाना में सांसद रामकृपाल यादव ने FIR दर्ज कराई, जिसमें बदमाशों की ओर से 4 गोली चलाने जाने का जिक्र किया था। साथ ही उनके एक कार्यकर्ता के सिर पर पिस्टल से वार किए जाने की भी बात कही थी। लेकिन पुलिस की जांच में गोली चलने के सबूत नहीं मिले है। अब सवाल उठ रहा है कि गोली चली थी या नहीं? इस सवाल पर सिटी एसपी ईस्ट ने बताया कि अभी तक की जांच में गोली चलाने के सबूत नहीं मिले हैं। लेकिन, SIT की जांच अभी जारी है। अब वारदात वाली जगह के आसपास में कोई CCTV लगी है या नहीं, इसकी तलाश की जा रही है।

## दानापुर में ट्रांसफार्मर में लगी आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

**एजेंसी, पटना।**



**बिजली सप्लाई बंद कर दी गई थी**

सोमवार को दानापुर के मार्शल बाजार स्थित बीबीगंज पुलिस चौकी के पास एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। मुख्य सड़क मार्ग पर आग लगने के बाद उस रास्ते से गुजर रहे राहगीरों में हड़कंप मच गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद कई लोगों ने धूल फेंक कर आग को बुझाने का प्रयास करने किया, लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

**क ड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू:** इसके बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के साथ ही बिजली विभाग को दी। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा उस इलाके की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। वहीं सूचना मिलते ही अग्निशमन की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया।

# महीने में 50 लाख की ठगी करने वाला 2 गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना।**



**♦ जामताड़ा में 2 माह की ट्रेनिंग ले चुका है गिरोह, फ्रीज खाते से रकम निकालने गए थे साइबर फ्रॉड**

अलग-अलग एप से पाकिस्तान समेत अन्य देशों के नंबर से कॉल कर लोगों से ठगी करने वाले साइबर अपराधी गिरोह से जुड़े दो बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी संतोष कुमार और ईशु कुमार को पुलिस ने कोतवाली थाने के पास इंडियन बैंक से दबोचा। ईशु राजापुर पुल के पास रहता है, जबकि संतोष चकारम में। गिरोह का मास्टरमाइंड राजू है।

**बैंक खातों की डिटेल बरामद:** उसकी बुद्धा कॉलोनी थाने के पास मोबाइल दुकान है। संतोष के भाई अमित के अलावा चार-पांच अन्य साइबर फ्रॉड इस गिरोह में हैं। पुलिस ने संतोष और ईशु के ठिकाने से तीन बैंक खातों की डिटेल बरामद की है। थानेदार राजन कुमार ने बताया कि जब्त खातों व दोनों के मोबाइल की सीडीआर खंगाली जा रही है। राजू और अमित की गिरफ्तारी के बाद आगे की जानकारी मिलेगी। गिरोह ने कई लोगों से अलग-अलग बैंकों में खाते खुलवाए हैं।

**कैशियर ने रकम देने से इनकार किया:** राजू मोबाइल दुकान की आड़ में साइबर अपराध का गिरोह चलाता है। इसमें 8-10 युवक हैं।रकम देने से मना करने पर कैशियर से भिड़ गए थे दोनोंदरअसल ईशु को लेकर संतोष बैंक गया था। ईशु के खाते में ही साइबर फ्रॉड ने ठगी की रकम डलवाई थी। ईशु के इस बैंक खाते से चेक और एटीएम कार्ड निर्गत नहीं हुआ था। साइबर थाने ने इस खाते पर केस दर्ज कर रखा है। ट्रांजेक्शन पर रोक लगी हुई है। ईशु ने रकम निकालने के लिए फॉर्म भरकर कैशियर को दिया तो कैशियर ने रकम देने से इनकार कर दिया। संतोष और ईशु कैशियर से नोकझोंक करने लगे। बैंक मैनेजर ने थानेदार को फोन कर दिया। पुलिस पहुंची और दोनों को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह दूसरे के नाम से खाता खुलवाता है। इसके लिए उन्हें 5 से 10 हजार देता है। रकम देने के बाद उनका एटीएम, चेक बुक और खाता आदि अपने पास रख लेता है।गिरोह में लड़कियां भी शामिल, वही लोगों को कॉल कर ठगी करती हैंगिरोह जामताड़ा से ट्रेनिंग लेकर आया है। गिरोह के बदमाश समेत दो लोग जामताड़ा में 15 दिन रहे। ट्रेनिंग के बाद अपने गिरोह के लोगों को ट्रेंड किया। इसमें कुछ लड़कियां के भी शामिल होने की बात सामने आई है। वहीं, ज्यादातर कॉल कर ठगी करती हैं। फिर खातों में रकम डलवाती हैं। हर महीने यह गिरोह करीब 50 लाख की ठगी करता है। रकम खातों में आते ही चेक, एटीएम कार्ड से निकासी करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीता और राम का विवाह देखने उमड़ी भीड़

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बीएमपी-6 स्थित कलकतिया गाछी के समीप चल रहे महाविष्णु यज्ञ में रविवार को राम-सीता विवाह का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। महायज्ञ के दौरान कथा वाचिका राधा किशोरी ने सीता और राम के विवाह का वर्णन किया। मुख्य यजमान मुन्ना चौधरी ने बताया कि महायज्ञ में शामिल होने दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। बड़े-बुजुर्ग, बच्चे सभी कथा व रामलीला का आनंद ले रहे हैं। मेले में चाट पापड़ी से लेकर हर प्रकार के साज सज्जा के सामान उपलब्ध है। मेले में शिल्प कारीगरों को अच्छी आमदनी हो रही है। इस मौके पर दुर्गेश चौधरी, राम कुमार चौधरी समेत समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

### गायत्री शक्ति पीठ नाजीरपुर में 16 को मनेगा गंगा दशहरा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नाजीरपुर स्थित गायत्री शक्तिपीठ के सभागार मे जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें जोन समन्वयक शशिभूषण ठाकुर ने घर-घर यज्ञ कार्यक्रम और पर्यावरण संतुलन को यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। रामयाद त्रिवेदी ने पीपल, बरगद, नीम, आंवला, तुलसी के औषधीय गुण बताया। गोष्ठी में 16 जून को गंगा दशहरा धूमधाम से और 17 जून को अखंड ज्योति पत्रिका पाठक सम्मेलन गायत्री शक्तिपीठ के सभागार में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। गोष्ठी में बताया गया कि 2026 में वांदनीय माताजी का जन्म दिवस है। यह अखंड ज्योति-पत्रिका का शताब्दी वर्ष भी है। इस लिए इस लक्ष्य को लेकर सारे कार्यक्रम को करते रहने को कहा गया। गोष्ठी में बबलू तिवारी, शम्भू प्रसाद सिंह, व्यवस्थापक ललितेश्वर प्रसाद सिंह, दुर्गा शरण शर्मा, उप जोन समन्वयक धीरेन्द्र नाथ पटेल, जिला महिला समन्वयक सोनी तिवारी, सीता पांडे, उषा कुमारी, जिला समन्वयक ओम प्रकाश गुप्ता आदि थे।

### नव दंपती ने पीपल का पौधा लगा कर पर्यावरण सुरक्षा का दिया संदेश

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** कुढ़नी प्रखंड के पुरुषोत्तमपुर में रविवार को शादी कर आया दूल्हा नितिन राज और दुल्हन खुशी सिंह ने पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कुमार और उनकी पत्नी सोनी कुमारी ने बताया कि नितिन व खुशी शनिवार को परिणय सूत्र में बंधे हैं। उनकी शादी कांटी स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में हुई है। इस मौके पर रामनरेश सिंह, राजमंगल सिंह, नवीन सिंह, अनीता देवी, धर्मशीला देवी, राजवंशी देवी, पिंकी कुमारी, ज्योति कुमारी, निक्की कुमारी मौजूद थी।

### बादलों की आंख मिचौली के बीच तापमान में कमी से राहत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** धूप और बादलों के बीच दिनभर आंख मिचौली का खेल जारी रहा। हवा की गति मध्यम होने से लोग को झुलसाती गर्मी से छुटकारा मिला। रविवार को अधिकतम तापमान में 4.1 डिग्री की कमी आई। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के जारी आंकड़ों के अनुसार अधिकतम तापमान 33.2 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं सुबह और दोपहर के समय सापेक्षिक आर्द्रता क्रमशः 77 और 68 प्रतिशत रही। अंतर कम रहने के कारण हवा में नमी की मात्रा दिन और रात में एक समान बनी रही। इससे उमस महसूस हुई। शनिवार से रविवार तक पारा चार डिग्री कम हुआ है। पारा नीचे जाने से लोगों को गर्मी से कुछ निजात मिली। वरीय मौसम वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल सत्तार ने बताया कि अगले दो दिनों में जिले के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। उसके बाद पांच जून से एक बार फिर मौसम करवट बदल सकता है। पारा फिर से 40 के पार जा सकता है, जिससे लोगों को प्रचंड गर्मी झेलनी पड़ सकती है।

# रेलवे स्टेशनों पर लग रही एटीवीएम: टिकट के लिए लाइन में लगने की नहीं होगी जरूरत, क्यूआर कोड स्कैन कर करें पेमेंट



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने के लिए मुजफ्फरपुर स्टेशन पर ऑटोमेटिक टिकट वेंटिंग मशीन (एटीवीएम) लगाई जा रही है। पूर्व मध्य रेल के 43 प्रमुख स्टेशनों पर 127 एटीवीएम स्थापित की गई है। इनमें दानापुर मंडल के 13 स्टेशनों पर 38 एटीवीएम, समस्तीपुर मंडल के 09 स्टेशनों पर 29 एटीवीएम, सोनपुर मंडल के 08 स्टेशनों पर 24 एटीवीएम, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 06 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम और धनबाद मंडल के 07 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही जल्द ही पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर 40 और एटीवीएम स्थापित किये जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

#### लाइन में लगने की झंझट खत्म

एटीवीएम के जरिए रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाइन में लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं। प्रमुख स्टेशनों पर स्वचालित अनारक्षित टिकट वेंडिंग मशीन टिकट काउंटर के आसपास स्थापित किए गए है। कई स्टेशनों पर ये एटीवीएम टिकट घर के अलावे स्टेशन के प्रवेश परिसर में भी स्थापित है। जिससे यात्रियों को टिकट लेने और ट्रेन पकड़ने के बीच कम समय लगेगी। एटीवीएम से प्लेटफॉर्म टिकट भी कटाया जा सकता है। एटीवीएम चौबीसों घंटे कार्य करती है। साथ ही इस सिस्टम में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा चुनने की सुविधा उपलब्ध है।

#### कहां कितनी मशीने लगीं हैं

दानापुर मंडल के पटना, राजेंद्रनगर, दानापुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, मोकामा, जहानाबाद, दिलदारनगर, पटना साहिब, झाझा, बिहार शरीफ, लखीसराय स्टेशनों पर कुल 38 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। सोनपुर मंडल के हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, खगड़िया, सोनपुर, मानसी, नवगछिया, बेगूसराय स्टेशनों पर 24 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। समस्तीपुर मंडल के समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, रक्सौल, बेतिया, बापूधाम मोतिहारी, मधुबनी, नरकटियागंज, सीतामढ़ी स्टेशनों पर 29 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। धनबाद मंडल के धनबाद, कोडरमा, डालटनगंज, नेसुब गोमो, गढ़वा रोड, पारसनाथ, सिगरौली स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के गया, पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., डेहरी ऑन सोन, सासाराम, अनुग्रह नारायण रोड एवं भभुआ रोड स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं।

#### क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान कर सकते

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से रेल टिकट खरीदने के लिए फैसिलिटेटर भी तैनात किए गए हैं। यात्री एटीवीएम से स्वयं टिकट बना सकते हैं या जरूरत पड़ने पर तैनात एटीवीएम फैसिलिटेटर के माध्यम से भी टिकट खरीद सकते हैं। बुकिंग कार्यालय से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड से या एटीवीएम पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से किराए का भुगतान किया जा सकता है।

**कटहल के नीचे छिपाकर ला रहा था**

## बंगाल से किशनगंज लाई जा रही शराब की खेप जब्त: वाहन जांच के दौरान पिकअप से 702 लीटर बरामद



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज एसपी सागर कुमार के निर्देश पर शराब और अन्य मादक पदार्थों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर आज गलगलिया चेकपोस्ट पर बंगाल की तरफ से आ रही एक महिंद्रा पिकअप को चेकिंग के लिए पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया। वहीं पुलिस को देख पिकअप का चालक तेज गति से गाड़ी लेकर भागने लगा। जिसके बाद छापेमारी दल ने उसका पीछा कर गलगलिया बस स्टैंड के पास पकड़ लिया और उसके वाहन की तलाशी ली गयी। जिसमें पिकअप पर लोड कटहल की बोरी के नीचे अवैध विदेशी शराब का कार्टून पाया गया।

चेकिंग के दौरान में कई कार्टन में विदेशी शराब की कुल 1872 बोतलें पायीं गई, जिसकी कुल मात्रा-702 लीटर है। उक्त चालक पं0 बंगाल के अशोक चक्रवर्ती (22) के रूप में हुई है। बताया गया कि ये सभी पश्चिम बंगाल से शराब की बड़ी खेप लाकर बिहार की अन्य जिलों में तस्करी करता है। गलगलिया थाना में सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## 57 किलो गांजा के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार: मोतिहारी में पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा

**गाड़ी के सीट के अंदर छुपाकर रखी थी**



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की है। 57 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मोतिहारी एसपी कांतेश मिश्रा को गुप्त सूचना मिली कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक चार चक्का गाड़ी में गांजा छुपाकर रखा हुआ है। एसपी ने मुफस्सिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार को निर्देश दिया कि सूचना का सत्यापन करते हुए उसकी गिरफ्तारी की जाए, जिसके बाद थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने थाना के पुलिस बल के साथ सूचना का सत्यापन करते हुए भितहा के वकील अंसारी के गैरेज के पास डिलीवरी होने सूचना मिली। इस स्थल को चारों तरफ से नाकाबंदी कर सघन वाहन जांच शुरू की। इस दौरान वकील अंसारी में गैरेज के पास से एक चार चक्का गाड़ी की जांच की गई। गाड़ी के सीट के अंदर छुपा कर रखे 57.2 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ कार में सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पूछताछ गिरफ्तार भूटान सहनी, थाना-श्यामपुर भटहा, जिला-शिवहर, विकास कुमार यादव, थाना- मुफस्सिल, वकील अंसारी, थाना-हरसिद्धि के रूप में अपना नाम बताया, जब पूछा गया की कहा से लाया था, उसने अपने गिरोह के जुड़े अन्य सदस्य के नाम पुलिस टीम को बताया, जिसे पुलिस गुप्त रखते हुए उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। छापेमारी टीम में सदर एसडीपीओ 2 पिपरा कोठी जीतेश पांडे, मुफस्सिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार, निर्भय कुमार,अमित कुमार सिंह,अनुज पांडेय, श्रीकान्त चौहान, जिला आसूचना इकाई, सिपाही/कुमार चिरंजीवी एवं नित्यानंद दुबे शामिल थे।

## नालंदा में जेडीयू के पोलिंग एजेंट की पीट-पीटकर हत्या, चुनावी रंजिश या जमीन विवाद?



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में जेडीयू के पोलिंग एजेंट की आज सुबह पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से इतना पीटा कि मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ब्रह्मदेव प्रसाद के (60) वर्षीय पुत्र अनिल कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि चुनावी रंजिश और भूमि विवाद के चलते हत्या को अंजाम दिया गया है। मामला परबलपुर थाना क्षेत्र के माउआ गांव का है। मृतक अनिल कुमार की पुत्री ने बताया की आज सुबह उसके पिता खेत की ओर गए थे। जहां पर घात लगाए गांव के ही आधा दर्जन बदमाशों ने उन पर भाला लेकर हमला कर दिया और शरीर में जगह-जगह पर भाला भोंककर उनकी निर्मम हत्या कर दी। परिजन के मुताबिक लोकसभा चुनाव के दौरान वे पोलिंग एजेंट बने थे। इसके बाद गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी थी। और आज उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। वहीं मृतका की पत्नी ने बताया कि सहोदर भाई से ही 4 बीघा का भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। उन्हीं लोगों ने भूमि विवाद और चुनावी रंजिश को लेकर उनके पति की हत्या करवाई है। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत जदयू प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि अनिल कुमार जदयू के सच्चे कार्यकर्ता थे। यह पोलिंग एजेंट भी बने थे इसके बाद कुछ लोगों ने इन्हें देख लेने की धमकी दी थी उन्हीं लोगों के द्वारा आज उनकी हत्या कर दी गई है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ है। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत पवलपुर थाना अध्यक्ष पप्पू कुमार शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुँचे और पूरे मामले की छानबीन में जुट गए हैं। हत्या की इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है।



## विशिष्ट शिक्षकों को मिलेगा नये सिरे से नियुक्ति-पत्र

**पटना, एजेंसी।** सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों की काउंसिलिंग के बाद नये स्कूलों में पदस्थापित किया जाना है। नये स्कूल में योगदान देने के साथ ही वे सभी विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे। ऐसे में इन शिक्षकों को नये सिरे से नियुक्ति पत्र भी दिया जाएगा। शिक्षा विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है। विभागीय पदाधिकारी बताते हैं कि विशिष्ट शिक्षक बनते ही नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा मिल जाएगा। इसलिए उन्हें नया नियुक्ति-पत्र भी दिया जाएगा। विभाग की तैयारी है कि 10-15 जून के बीच में सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसिलिंग शुरू करा दी जाये। दस दिनों के अंदर सबकी काउंसिलिंग सबंधित जिलों में ही करायी जाएगी। विभाग का लक्ष्य है कि 30 जून तक सभी इच्छुक शिक्षकों का पदस्थापन उनके आवंटित जिले के किसी स्कूल में करा दिया जाये।

## पिकअप से टक्कर के बाद गड्ढे में गिरी बस: हादसे में 6 यात्री घायल



**ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल, बस में 20 लोग कर रहे थे सफर**

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। भागलपुर नारायणपुर हा॥ -31 भ्रमपुर चौक के पास बस और पिकअप में टक्कर हो गई है। बस में करीब 20 लोग सवार थे। हादसे में छह लोग घायल हुए हैं। हालांकि घटना की जानकारी के बाद डायल-112 और स्थानीय पुलिस मौके के पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**घायलों का चल रहा इलाज :** बताया जा रहा है कि बस भागलपुर से नारायणपुर की तरफ जा रही थी। तभी तेज रफ्तार से नारायणपुर की तरफ से भागलपुर आ रहे पिकअप वाहन से भीषण टक्कर हो गई। हालांकि घटना में कोई हताहत होने की फिलहाल जानकारी नहीं है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## शेखपुरा सदर अस्पताल में तैनात महिला गार्ड की हत्या

**लखीसराय में भाई के ससुराल गई थी, शव को जलाने का किया प्रयास**



**शेखपुरा, एजेंसी।** शेखपुरा सदर अस्पताल में एनजीओ के माध्यम से तैनात महिला गार्ड लवली कुमारी(28) की उसके भाई के ससुराल में गला दबाकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला की हत्या कर उसकी भाभी के परिजन साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से मृतका के शव को गंगा घाट मरांची ( पटना ) में जलाने का प्रयास किया गया। लेकिन घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने रविवार की शाम पटना जिले की मरांची थाना पुलिस की मदद से लाश को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। लखीसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र के कुरौता गांव में महिला की हत्या की गई थी। जहां मृतका के भाई की सूचना पर मरांची पुलिस ने शव को बरामद करने की कार्रवाई शुरू की।

#### गमछा से गला दबाने की आशंका

मरांची थानाध्यक्ष सौरव सिंधु ने बताया कि लखीसराय जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी अवधेश यादव की पत्नी लवली कुमारी(28) का शव मरांची घाट से बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि लवली शेखपुरा सदर अस्पताल में प्राइवेट गार्ड के रूप में काम करती थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के भाई नीरज कुमार की सूचना पर शव को बरामद किया गया है। मृतका के गले में फंदा का निशान है। जिससे लगता है कि मृतका की मौत गमछा से गला दबाने से हुई है। बताया कि मृतका अपने भाई नीरज कुमार के ससुराल लखीसराय थाना क्षेत्र के कुरौता खीरू यादव के यहां एक दिन पहले गई थी। जहां उसकी हत्या कर दी गई।

**पैसे की मांग को लेकर भाई के ससुराल गई थी :** सूत्रों ने बताया कि मृतका लवली का अपने भाई नीरज के साले गुलशन कुमार के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। गुलशन अक्सर शेखपुरा में भी रहा करता था। लवली से गुलशन का 3 लाख रुपए का भी लेनदेन की बात कही जा रही है। जिसे मांगने के लिए वह गुलशन के घर कुरौता गयी थी। जहां गुलशन सहित अन्य ने उसकी हत्या कर लाश को गायब करने का प्रयास किया। बाद शव का अंतिम संस्कार किये जाने का प्रयास किया गया। मृतका के भाई नीरज कुमार के बयान पर गुलशन कुमार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# एक ही परिवार के पांच सदस्यों को जलाया, जिसमें एक की हुई मौत

चाणक्यभूमि बगहा

**बगहा** के भतौडा प्रखंड एक के रहने वाले सलामत मियां के घर 24 मई को रात्रि में उनके घर में किसी ने आग लगा दिया। जिसमें सलामत मियां की बीवी और चार बच्चे बुरी तरीके से आग से झुलस गए। जिनका इलाज बगहा में कराया गया, जिसके बाद बगहा अनुमंडल अस्पताल द्वारा सभी को जीएमसीएच बेतिया में रेफर कर भर्ती करया गया। जिसमें 3 जून सोमवार के दिन 2 साल की बेटी हुसनआरा का इलाज के

**• पड़ोसी द्वारा झगड़े के बाद पेट्रोल फेंक कर आग लगा दिया। जिससे घर के पाँच लोग बुरी तरह जल गए जिनमे से 4 लोगों का जीएमसीएच बेतिया में इलाज चल रहा है जबकि एक बच्ची की मौत हो गई**

दौरान मौत हो गया। जिसे लेकर सलामत मियां अपने परिवार के साथ हुसनआरा का फॉरेंसिक पोस्टमार्टम बगहा अनुमंडल अस्पताल में करने आया था । जिसे बगहा अनुमंडल अस्पताल द्वारा जीएमसीएच बेतिया रेफर कर पोस्टमार्टम कराने को कहा गया। सलामत मियां की मां गुलाची खातून का आरोप है कि उनके गांव की रहने वाले सनफराज और अजहर मिया द्वारा 24 मई को में उनके बेटे और बहु से झगड़ा हुआ , इसके बाद उसी दिन रात में पेट्रोल फेंक कर आग लगा दिया। जिसमें मेरे घर के साथ दो पोता और दो पोती और बहू बुरी तरीके से जल गए। जिसको लेकर सलामत मियां द्वारा बगहा थाना में 29 मई को कांड संख्या 159/24 दर्ज किया गया। वही इस घटना को लेकर परिवार के सभी सदस्यों का रो-रो का बुरा हाल है। सभी ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं अन्य 4 लोगों की भी हालत नाजुक बनी हुई है और सभी का इलाज बेतिया जीएमसी में चल रहा है। सलामत मियां की बेटी की मौत के बाद परिवार में गम का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मौके सलामत मियां के परिवार से माँ गुलाची खातून, इरफान ,अफरोज और गांव के कई लोग मौजूद थे।

# डाकू रत्नाकर से महर्षि बने थे वाल्मीकि

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर

राम नाम महामंत्र है। राम नाम के जप से शांति मिलती है। राम कथा सुनने से कामनाएं नष्ट हो जाती हैं। कथा सुनते-सुनते व्यक्ति विश्राम को प्राप्त कर लेता है। राम नाम की साधना से वरदान की प्राप्ति होती है। राम नाम सुमिरन का फल आशीर्वाद रूप में मिलता है। प्रख्यात कथा व्यास मोरारी बापू ने महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि वाल्मीकिनगर में अपनी रामकथा के तीसरे दिन भक्तों को राम कथा की महिमा बतातें हुये कहा कि राम मंत्र हर किसी का मंगल करने वाला है। उन्होंने कहा कि राम मंत्र का कोई तोड़ नहीं। राम मंत्र मांगलिक है। हर किसी का मंगल करने वाला है। काल के काल भी राम मंत्र सुनकर लौट जाते हैं।

गोस्वामी जी ने तो शिव की प्रेरणा से सहज भाषा में रामायण का संपादन कर उसे श्रीराम चरितमानस का स्वरूप दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक राम हैं तब तक पुत्र, पुत्र है। हितैषी, हितैषी और मित्र, मित्र है। जब राम तत्व चला जाता है तब पुत्र, मित्र और हितैषी यमदूत लगने लगते हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञानघाट पर भगवान शिव ने माता पार्वती को रामकथा सुनाई। तीर्थराज प्रयाग में भारद्वाज मुनि ने याज्ञवल्क्य को रामकथा सुनाई। तीसरा उपासना घाट नीलगिरि पर्वत पर कागभुसुंडी ने गरुड़ को रामकथा सुनाई। शरणागति घाट पर गोस्वामी तुलसी दास जी ने साधु-संतों को रामकथा सुनाई।

## पुलिस पर हमला मामले में एक महिला गिरफ्तार

चाणक्य भूमी बैरिया

श्रीनगर थाना क्षेत्र के निमुईया बलुआ गांव में रास्ता को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा था। रविवार को पुलिस के पहुंचने पर हमला बोल दिया गया। मामले में पुलिस ने पांच नामजद एवम 15 अज्ञात पर प्राथमिक दर्ज किया। उक्त मामले में एक महिला को गिरफ्तार करते हुए एक बाइक जप्त किया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि निमुईया बलुआ गांव के राजू कुमार ने पुलिस को आवेदन देकर बताया था कि मेरा रास्ता चंद्रिका महतो द्वारा बंद कर दिया है। थानाध्यक्ष ने आवेदन को जांच के लिए पीटीसी दामो कुमार दिया पीटीसी वहां पहुंचकर देखा कि रास्ते पर मक्का का बोझारखा हुआ था। चंद्रिका महतो को बुलाकर रास्ते से बोझा हटाने के लिए कहा तभी चंद्रिका महतो की पत्नी कौशल्या देवी ने हो हल्ला करते हुए पीटीसी दामो कुमार का कॉलर पकड़ ली जिसे उनका बटन टूट गया। इसी क्रम में पुलिस ने कौशल्या देवी को पड़कर लिया एवं एक बाइक भी जप्त की थानाध्यक्ष ने मामले में चंदन कुमार,महेंद्र महतो,अमर महतो,शैल देवी,कौशल्या देवी को अभ्युक्ति बनाया गया है। एव 15 अज्ञात लोगों पर भी प्राथमिक दर्ज किया गया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कौशल्या देवी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।




# मामूली विवाद को लेकर दो सगे भाई आपस में भिड़े कई घायल

चाणक्य भूमि नौतन



नौतन थाना क्षेत्र के मंगलपुर गुदरीया पंचायत के बनकटवा वार्ड नंबर 8 में मेढ़ पर बोड़ी के झार को लेकर दो सगे भाइयों के बिच जमकर लाठियां चली। जिसमें एक पक्ष के दो महिलाएं तथा दुसरे पक्ष के एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायलों के इलाज के लिए पीएचसी नौतन लाया। जहां डाक्टरों ने इलाज की एवं गम्भीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है।घटना की सुचना मिलते ही पुलिस पीएचसी पहुंच मामले की जांच में जुटी हुई है।एक पक्ष के विजय प्रसाद की पत्नी पुनिता देवी व पुत्री पीकी कुमारी गम्भीर रूप से घायल हो गई है। जब्कि दुसरे पक्ष के भोला प्रसाद की पत्नी रेखा देवी घायल हो गई है।पिडीता रेखा देवी ने बताया कि विजय प्रसाद के खेत में बोड़ी का झार लगा हुआ।जिसका लत्ती मेढ़ पर चला गया है। मेढ़ से लत्ती हटाने को लेकर कहासुनी शुरू हुआ धिरे धिरे बात बढ़ने लगी और मामला मारपीट तक आ गया।और दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। पीएचसी पुलिस पहुंच मामले कि जांच में जुटी हुई है।

# गंडक नदी में डूबे दूसरे किशोर का भी मिला शव

चाणक्यभुमि बैरिया



बैरिया थाना क्षेत्र के आसाराम पटखौली के बथना घाट पर नदी में नहाने के दौरान रविवार के दोपहर पहर दो किशोर डूब गए थे। जहां रविवार के देर शाम एक किशोर की शव को ग्रामीण गोताखोरों के सहयोग से बाहर निकाल लिया गया था। मगर दूसरा किशोर का खोजबीन जारी था बताया जाता है।कि तिलंगही से नहाने के लिए बथना घाट पर लगभग 10 किशोर आए थे जिसमें एक डूबने लगा, दूसरा उसे बचाने गया वह भी पानी में डूब गया हालांकि रविवार की देर शाम स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से एक किशोर जाहिद अली का शव को बाहर निकाल लिया है। मुखिया पुत्र सह समाज सेवी तबरेज आलम ने बताया की सोमवार के लगभग चार बजे एसडीआरएफ की टीम के काफी मकसद के बाद दुसरा किशोर जफर अहमद का शव बरामद हो गया है। बैरिया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि जाहिद के शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतीया सुबह में भेज दिया है। लेकिन जफर का शव अभी बरामद हुआ है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।







## माल गोदाम श्रमिक संघ के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगा संघ :मनोरंजन पासवान



चाणक्य भूमि

**रामगढ़वा** ।माल गोदाम मजदूरों के हक की लड़ाई सबसे महत्वपूर्ण है। और भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ इन मजदूरों की सभी लड़ाई के लिए संघर्षशील है। उक्त बातें इस संघ के राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन पासवान ने रामगढ़वा में माल गोदाम श्रमिक संघ को संबोधित करते हुए कही। रामगढ़वा के एक होटल के सभागार में यह बैठक बुलाई गई थी। जिसकी अध्यक्षता रामगढ़वा माल गोदाम श्रमिक संघ के अध्यक्ष विनोद यादव ने किया। इस अवसर पर सैकड़ो मजदूरों को संबोधित करते हुए मनोरंजन पासवान ने कहा कि इस संघ का एक ही मिशन है जो श्रमिकों के उनका वेतन और हक उपलब्ध कराएगी। इसके लिए इन्होंने सभी माल गोदाम अध्यक्षों से वहां काम कर रहे मजदूरों की सूची बनाकर भेजने का निर्देश दिया। ताकि उक्त सूची को रेलवे मंत्रालय में भेजा जा सके। इन्होंने माल गोदाम अध्यक्षों से काम कर रहे मजदूरों की सूची बनाकर भेजने की बात कही। और कहा कि उक्त सूची को रेलवे मंत्रालय के पास भेजा जा जाएगा। इन्होंने माल गोदाम अध्यक्षों को स्पष्ट किया कि उन्हीं लोगों की सूची बनेगी जो लोग पहले से श्रमिक के रूप में कार्य कर रहे हैं।और जिनका पंजीयन हो चुका है इन्होंने इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होने की बात कही।इन्होंने मजदूरों से की सूची शिफ्ट वाइज बनाने की भी बात कही और कहा कि श्रमिकों की सूची तैयार करके भेजना होगा।इन्होंने श्रमिकों से खुद को मजबूत करने की भी बात कही और कहा की श्रमिकों की सूची शिफ्ट वार तैयार करना होगा। इन्होंने श्रमिकों से खुद को मजबूत करने की भी बात कही व कहा कि अपने नेतृत्व को भी मजबूती प्रदान करें। ताकि वह उनके हक और हक्कूक की लड़ाई लड़ सकें। इन्होंने यह भी कहा कि कोई भी सरकार माल गोदाम श्रमिक संघ के अधिकारों को नही छीन सकती है और मजदूरों के हित में 13 सूत्री मांग को सरकार मान भी चुकी है।

## पुलिस ने एसएसबी के साथ निकाला फ्लैग मार्च

चाणक्य भूमि रक्सौल

रक्सौल में सोमवार की शाम फ्लैग मार्च निकाला गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में रक्सौल थाना परिसर से मार्च किया गया, जिसमें रक्सौल थाना के पुलिस पदाधिकारी के अलावे एसएसबी के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों को यह भरोसा दिलाया कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है। मतगणना के दिन कहीं विवाद नहीं करना है, जो मतगणना को लेकर विवाद पैदा करने की कोशिश करेगें उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित है। रक्सौल थाना परिसर से निकला फ्लैग मार्च नगर का भर्मण करने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी निकला। यहां बता दे कि कल लोकसभा चुनाव को लेकर मतगणना है। सीमावर्ती क्षेत्र में मतगणना के बाद कोई विवाद न हो इसके लिए प्रशासन सतर्क है। मौके पर पुलिस निरीक्षक राजीव नंदन सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

## बगहा में नदी में नहाने के दौरान दो बच्चियों डूबी

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र

नगर के पुअर हाउस के समीप हरहा नदी में नहाने के दौरान दो बच्चियों हरहा नदी में डूब गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनो की खोज की जा रही है। जानकारी के अनुसार पुअर हाउस निवासी राजेश गोंड की पुत्री प्रतिमा कुमारी एवं अवध बिहारी की पुत्री तकली कुमारी सोमवार को दोपहर में हरहा नदी में नहा रही थी। इसी दौरान दोनों बच्चियों हरहा नदी के गहरे पानी में चली गई एवं डूब गई। दोनों बच्चियों को डूबते देख स्थानीय लोगों ने दोनों को को निकालने का प्रयास किया गया लेकिन समाचार प्रेषण तक बच्चियों का कोई आता-पता नहीं चल पाया है नगर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर एसआई मुकेश कुमार को घटना स्थल पर भेजा गया है। स्थानीय लोगों के सहयोग से शव की खोजबीन की जा रही है। साथ ही साथ इसकी सूचना अंकल बगहा एक के सीओ को भी दे दी गई है।

## राजनीतिक दलों के कार्यालयो में रही चहल पहला, सब ने की जीत की दावा

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

**• जहाँ संजय जायसवाल के समर्थक तीन लाख से ज्यादा वोट से जीत का दावा कर रहे है वहीं मदन मोहन तिवारी समर्थक भी भारी मतों से जीत का दावा कर रहे है**

पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र से मुख्य दावेदार भाजपा के डॉक्टर संजय जयसवाल और कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी के कार्यालय पर चुनाव को लेकर काफी चहल पहल रही। कार्यकर्ता अपने-अपने जीत के आंकड़ों के गणित में उलझे हुए थे। मतगणना अभिकर्ता मतगणना को लेकर काफी सीरियस दिखें। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी डॉ संजय जयसवाल के निर्वाचन अभिकर्ता संजय पांडे, भाजपा के जिला अध्यक्ष रूपक कुमार श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ ने ने पूर्व की भांति 3 लाख से अधिक मतों से भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने का दावा किया। जबकि डॉ संजय जायसवाल को लोकसभा चुनाव चौथी बार जीत कर केंद्र में मंत्री बनने का दावा किया। वहीं कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के नेताओं ने पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के जीत का दावा किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भारत भूषण दुबे, वंचित बहुजन मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह बौद्ध, राजद के मीडिया प्रभारी प्रभु यादव, पवन कुमार सिंह ने डेढ़ लाख से अधिक मतों से कांग्रेस प्रत्याशी के जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी को मदन मोहन तिवारी को समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिला है। कार्यकर्ताओं में जीत को लेकर गजब का उत्साह है।







# बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने संवेदक पर एफआईआर दर्ज करायी

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

बगैर काम पूरा किये भुगतान के लिए दबाव बनाने एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अभिषेक कुमार ने संवेदक चंद्र मोहन ओझा व उनके समर्थकों पर पटखौली थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। पटखौली थाने को दिए आवेदन में बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि 22 में को हुए अपने कार्यालय में आपदा से संबंधित भुगतान को लेकर फाइलों का निपटारा कर रहे थे। इस दौरान बेटियां निवासी संवेदक चंद्र मोहन ओझा व उनके समर्थक उनके कार्यालय पहुंचे एवं भुगतान करने का दबाव बनाते हुए और जबरन एमबी बुक छीन लिया। संवेदक द्वारा बगैर कार्य किए हैं भुगतान करने का दबाव बनाया जा रहा था। इस दौरान संवेदक और उनके समर्थकों के द्वारा जबरन भुगतान के लिए दबाव बनाया गया एवं उनसे धक्का मुक्की करते हुए उनके साथ बदसलूकी भी की गई। गौरतलब हो कि संवेदक चंद्र मोहन ओझा के द्वारा नगर के शास्त्री नगर के पास करीब 10 करोड रुपए की लागत से एंटी रोजन कार्य कार्य कराया जा रहा है। कार्य 15 में तक पूरा कर लेना था। लेकिन संवेदक द्वारा अभी तक कार्य को पूरा नहीं किया गया है। एवं जबरन भुगतान को लेकर दबाव भी बनाया जा रहा है। इधर इस मामले में पटखौली थाना प्रभारी अनीश कुमार ने बताया कि अभियंता की आवेदन की आलोक में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खुले में मांस मछली बेचने वाले दुकानदारों नगर परिषद ने दिया नोटिस

चाणक्य भूमि बगहा

नगर के विभिन्न चौक चौराहे पर मांस मछली दुकान लगा कर बिक्री करने वाले दुकानदारों को नगर परिषद की ओर नोटिस जारी किया गया। खुले में मांस मछली की बिक्री करने से एक तरफ सर्विस रोड जाम तो हो ही रहा है तो दूसरी ओर मांस मछली के खून पानी के साथ अवशेष यत्र तत्र फेकने से गंदगी फैलने लगी है। गर्मी के मौसम में उक्त मार्ग से गुजरने वाले राहगीर यात्रियों को गंदगी के दुर्गंध से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर वासियों ने इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर नप प्रशासन से मांग की है। नोटिस में कहा गया है कि समय रहते दुकान सड़क के किनारे से नहीं हटने पर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क निर्माण में गड़बड़ी का मामला गरमाया सफेद बालू का प्रयोग

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र

प्रखंड की केहुनिया रोआरी पंचायत के वार्ड संख्या 6 रोआरी गांव में सड़क निर्माण में अनियमितता का मामला गरमा गया है। निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत पर बीडीओ ने जेई मुश्ताक अहमद को जांच के लिए रोआरी भेजा। जेई ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य में लगाए जा रहे सफेद बालू को हटवा दिया। जेई ने बताया कि उन्होंने इसका प्रक्लन नहीं बनाया है। बिना अभिलेख एवं प्राक्कलन के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इधर, बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि बिना कार्यादेश व अभिलेख के सड़क का निर्माण कार्य कराना अनियमितता है। इसके भुगतान पर रोक लगा दी गई है। गौरतलब हो कि रोआरी गांव में बृझन राय के घर से मेन रोड तक करीब पांच सौ फीट लंबी सड़क का निर्माण पंचायत की तरफ से कराया जा रहा है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प० चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714